# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- **झारखंड की चार सीटों पर 13 मई को होने वाले मतदान को लेकर आज एनडीए के वीडी राम, समीर उरांव और इंडी गठबंधन की ममता भुइयां समेत 19 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र।**
- **पलामू में एनडीए की ओर से केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह और लोहरदगा में गुजरात के मुख्यमंत्री ने की जनसभा, इंडी गठबंधन की ओर से राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने संभाला मोर्चा।**
- **केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने संपत्ति पुनर्वितरण वाले बयान को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा–कांग्रेस कर रही तुष्टीकरण की राजनीति।**
- **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वन अधिकारियों के साथ की बैठक, वन क्षेत्रों में बनाये गये बूथों के आसपास मानव और वन्यजीवों के बीच संभावित टकराव रोकने के दिये निर्देश।**
- **लोहरदगा में चार शातिर अपराधियों को तीन महीने के लिए किया गया जिलाबदर, रामगढ़ में एसीबी ने एक अंचल कर्मी और लातेहार में पंचायत सेवक को रिश्वत लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार।**

**********************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में झारखंड की चार सीटों पर होने वाले मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस कड़ी में आज पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री जेनरल वीके सिंह और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई अन्य नेता शामिल हुए।

**********************

झारखंड में 13 मई को होने वाले पहले चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए अब तक कुल 40 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज मीडिया को बताया कि आज सिंहभूम में छह, खूंटी के लिए पांच, लोहरदगा के लिए तीनऔर पलामू लोकसभा सीट के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि आज कुल 19 प्रत्याशियों ने अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है।

**********************

नामांकन के बाद मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में एक चुनावी सभा का भी आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने विकास के नाम पर लोगों से वोट मांगा। उन्होंने कहा कि

देश को मजबूत बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी का फिर से प्रधानमंत्री बनना जरुरी है। जनसभा को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी संबोधित किया।

********************

पलामू संसदीय सीट से आज इंडी गठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां ने भी नामांकन का पर्चा भरा। इस मौके पर राज्य के श्रम मंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता सत्यानंद भोक्ता, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव समेत गठबंधन के कई अन्य नेता मौजूद थे।

********************

राजद उम्मीदवार ममता भुइयां के समर्थन में राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने दावा किया राज्य की सभी सीटों पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत होगी। उन्होंने कहा कि विकास पार्टी का चुनावी एजेंडा होगा।

उधर, लोहरदगा संसदीय सीट से एनडीए की ओर से भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव ने भी आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत पार्टी के कई नेता शामिल हुए। बाद में समीर उरांव के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा देश की बेहतरी के लिए देश की कमान फिर से प्रधानमंत्री के हाथों में सौंपना जरुरी है।

********************

लातेहार जिला उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान बढ़ाने के लिए लगातार कार्यक्रम चला रही हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

********************

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने संपत्ति पुनर्वितरण वाले बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। कोडरमा स्थित अपने आवास पर आज मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस 60 के दशक से तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है और इस बार भी वह इसके जरिये चुनाव जीतने की चाहत रखती है, लेकिन उसके मंसूबे सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ मोदी सरकार लोगों की आमदनी बढ़ाकर देश को सशक्त बनाने में जुटी है, वहीं कांग्रेस पूंजीपतियों की संपत्ति हड़पकर देश को खोखला बनाना चाहती है।

********************

राज्य के वन क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने वन अधिकारियों के साथ आज बैठक की। इस मौके पर राज्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आस–पास मतदान के दिन मानव और वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास रहने वाले लोगों को भी सचेत करें ताकि किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने स्थानीय

पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर ताल–मेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों और शराब की आवाजाही पर रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का भी निर्देश दिया।

********************

लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे राज्य में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में लोहरदगा जिला प्रशासन ने भंडरा प्रखंड के चार शातिर अपराधियों के खिलाफ तड़ीपार की कार्रवाई शुरु की। जिले के पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त

की अनुशंसा पर इन अपराधियों को तीन महीने के लिए तड़ीपार किया गया है। उन्होंने बताया कि तड़ीपार की अवधि में अगर ये अपराधी जिले में दिखायी देंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

********************

एसीबी हजारीबाग की टीम ने रामगढ़ अंचल के एक कर्मचारी अनिल कुमार महली को 10 हज़ार रुपये रिश्वत लेते आज रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सरकारी चौकीदार है और वह अंचल कार्यालय में प्रतिनियुक्त है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने बताया कि हजारीबाग के चुरचू निवासी प्रेम प्रकाश मेहता से रिश्वत की राशि हल्का कर्मचारी अमित लोहरा से काम कराने के एवज में लिया था। एसीबी की ओर से इस मामले में अमित लोहरा की भूमिका की जांच की जा रही है। उधर, लातेहार जिले में भी एसीबी की टीम ने एक पंचायत सेवक को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है।

*******समाप्त*******